# रामनवमी पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम

**खास बातें**

- रामनवमी पर विदिशा में रघुवंशी समाज की भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर
- वृंदावन का मोर नृत्य, शिव का तांडव और मसान होली ने बांधा समां, भक्ति में डूबा गंजबासौदा









नवभरत न्यूज

**विदिशा 27 मार्च, रामनवमी के पावन अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित रघुवंशी धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः धर्मशाला परिसर पहुंचकर संपन्न हुई.**

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा. श्रद्धालु भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए.जिला अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. छिंदवाड़ा से आई कलाकार राधिका यदुवंशी ने मधुर गायन प्रस्तुत किया, वहीं इटारसी से आए कलाकारों ने झांझर वादन से माहौल को भक्तिमय बना दिया. इंदौर से आए कलाकारों द्वारा भगवान नरसिंह अवतार की प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही. माधवगंज चौराहे पर वीर इवेंट्स द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन किया गया.शोभायात्रा का मार्ग रघुवंशी धर्मशाला से शुरू होकर हॉस्पिटल रोड, स्टेशन क्षेत्र, तिलक चौक और बड़ा बाजार होते हुए पुनः धर्मशाला पहुंचा, जहां समापन किया गया.कार्यक्रम के सफल आयोजन में रघुवंशी युवा शक्ति संगठन के संयोजक महेंद्र रघुवंशी, अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी, पंकज रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी आमोखेड़ी, अंकित रघुवंशी, प्रदीप रघुवंशी, अरविंद रघुवंशी, गौरव रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, आकाश रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, डोंगर सिंह, भगत सिंह, मोहर सिंह, वीर सिंह, सुरेंद्र रघुवंशी, लक्ष्मण सिंह, हरिलाल रघुवंशी सहित समाज के अनेक लोगों का विशेष योगदान रहा.

### गंजबासौदा में मातृशक्ति सबसे आगे, काशी के कलाकारों ने रचा अद्भुत दृश्य, राममय हुआ नगर

श्री रामनवमी का पर्व शुक्रवार को पूरे नगर में आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. मंदिरों से निकलकर यह उत्सव सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों तक फैल गया, जहां हर ओर जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे और पूरा नगर राममय नजर आया. आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन भी यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा.नगर में राम जन्मोत्सव के अवसर पर दो भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें सबसे आकर्षक और विशाल स्वरूप रघुवंशी समाज द्वारा रघुकुल युवा परिषद एवं श्री राम जन्म उत्सव समिति के तत्वाधान में निकली शोभायात्रा का रहा. यात्रा की शुरुआत त्योंदा रोड स्थित हनुमान मंदिर से हुई, जहां से हजारों श्रद्धालु जयघोष करते हुए आगे बढ़े. नौलखी मंदिर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया और देव प्रतिमाओं को नए वस्त्र धारण कराए गए.शोभायात्रा में साकेतवासी जगन्नाथ दास जी महाराज एवं कनक बिहारी दास जी महाराज के चित्रों से सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र रहे. एक रथ पर भगवान सीताराम के स्वरूप में सजे बच्चे बैठे थे, जबकि एक अन्य झांकी में अयोध्या के रामलला की प्रतिमा सजाई गई थी. यात्रा के दौरान जगह-जगह प्रसादी का वितरण भी किया गया. अखाड़ों के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.इस बार का सबसे विशेष और भावुक दृश्य मातृशक्ति का अग्रिम पंक्ति में चलना रहा. रघुवंशी समाज की महिलाएं केसरिया ध्वज के साथ अनुशासन और श्रद्धा के साथ सबसे आगे बढ़ीं. उनके आगे घुड़सवार धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे, जिनमें छोटी-छोटी बालिकाएं भी शामिल थीं. यह दृश्य नारी सम्मान, शक्ति और सनातन परंपरा की जीवंत मिसाल बन गया. पुरुष वर्ग उनके पीछे चलता नजर आया, जिसने इस आयोजन को और भी प्रेरणादायक बना दिया.शोभायात्रा की खास आकर्षण काशी से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां रहीं. पहली बार नगर पहुंचे इन कलाकारों ने वृंदावन के मोर नृत्य, भगवान शिव के तांडव और काशी की मसान होली जैसी अद्भुत प्रस्तुतियों से ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि हर चौराहा भक्ति का केंद्र बन गया. जैसे ही ये प्रस्तुतियां शुरू हुईं, लोग ठहर गए और उस दिव्य क्षण को महसूस करने लगे. कई श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नतमस्तक हुए तो कई ने इन पलों को अपने मोबाइल में कैद किया.नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया. पुष्पवर्षा, स्वागत द्वार, भजन मंडलियों की स्वर लहरियां, ढपलों की थाप और बैंड-बाजों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया. विभिन्न समाजों के लोग एक साथ श्रद्धा के साथ चलते नजर आए, जिसने सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया.करीब 2 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा को पूरा होने में लगभग 6 घंटे का समय लगा. रात करीब 9 बजे यात्रा रघुवंशी धर्मशाला पहुंची, जहां काशी की गंगा आरती की तर्ज पर भगवान श्रीराम की भव्य आरती की गई. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया.

## सिरोंज में श्री रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा



सिरोंज में श्रीराम नवमी का पर्व शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई.नगर में श्रीराम नवमी पर्व पर मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई. वही भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिरों में पूजा, अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. वही मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए दिनभर श्रृद्धालुओं की भीड़ लगी रही. वही मंदिरों में श्रीराम जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए. इस अवसर पर भगवान की महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण भी हुआ. इस मौके पर शहर में प्रातःकाल श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रभात फेरी भी निकाली गई. जो स्थानीय श्री मदन मोहन सरकार मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकली. प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजन, कीर्तन करते हुए चल रहे थे. प्रभात फेरी के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया. श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में नगर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई. जो स्थानीय छत्री नाका से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकली. शोभायात्रा में आकर्षक बैंड़ बाजें शामिल थे. आकर्षक बैंड बाजों पर उत्साही युवा नाचते हुए चल रहे थे. वही श्रद्धालु हाथों में ध्वज पताका लेकर चल रहे थे. शोभायात्रा में आकर्षक रूप से सजे रथ पर भगवान श्रीराम जी के चित्र को विराजित किया गया था. शोभायात्रा में आकर्षक झांकी भी शामिल थी. इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह विभिन्न समाजसेवी, संगठनों एवं नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

## कुरवाई में विश्व हिंदू बजरंग दल ने निकाली श्रीराम नवमी पर भव्य शोभायात्रा

कुरवाई में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में रामनवमी के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इस आयोजन में सकल हिंदू समाज की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही.शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड और मुख्य बाजार तक पहुंची. पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा.भगवान भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल हुए. उन्होंने आरती-पूजन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया.शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर माताओं, बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की. कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया.पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला.

### श्रीराममयी हुई पठारी नगरी, धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा

पठारीअंचल में रामनवमी महोत्सव पूरे भक्ति, श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया. सुबह से देर रात तक मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और संकीर्तन का आयोजन किया गया.इस दौरान नगर में बजरंग दल के तत्वावधान में विशाल एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई. प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें सुबह से श्री राम जानकी राज मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई.दोपहर 12 बजे महाआरती के पश्चात शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई. यह शोभायात्रा श्री राम जानकी राज मंदिर से शुरू होकर हनुमान मंदिर बस स्टैंड, श्री राधा-कृष्ण मंदिर, बड़ी माता मंदिर, साहू समाज मंदिर, हरछठ माता मंदिर, संजय नगर, करेली सरकार धाम, तालाब रोड, छोटी माता मंदिर, सर्राफा मोहल्ला और मुख्य बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई.शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र रहे. श्रद्धालु सफेद वस्त्रों में शामिल हुए और जगह-जगह रंगोली सजाकर व पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया.श्रद्धालुओं ने जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की. डीजे की धुन पर बजरंगी एवं अन्य श्रद्धालु झूमते नजर आए.



## रामनवमी पर सांची में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, मंदिरों पर चढ़े भगवा ध्वज

सांची में चैत्र मास की नवदुर्गा के पावन अवसर एवं रामनवमी पर्व पर सांची नगर में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला. धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, जिसे लेकर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया.सुबह से ही नगर के प्रमुख मंदिरों—शिव मंदिर चौराहा, हनुमान मंदिर थाना प्रांगण, कानाखेड़ा माता मंदिर एवं दुर्गा मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर मंदिरों पर भगवा ध्वज चढ़ाए और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए.नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम एवं उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिकों ने भी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा भगवा ध्वज अर्पित कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा.रामनवमी के इस पावन पर्व पर सांची नगर श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा.

## बिजली दर वृद्धि पर कांग्रेस का विरोध, उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** अप्रैल माह से बिजली दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी और फिक्स चार्ज बढ़ाने के फैसले का जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया है. कांग्रेस प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम से ठीक पहले बिजली महंगी करना आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है.अवस्थी ने कहा कि गर्मियों के दौरान बिजली की खपत स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है, ऐसे में मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और आम परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ेगा. फिक्स चार्ज में वृद्धि और पीक ऑवर्स में अधिक बिल आने से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ेगा, जिससे लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा.उन्होंने सरकार से मांग की कि बिजली दरों में की गई इस बढ़ोतरी पर पुनर्विचार किया जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए. अवस्थी ने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में जनता के हितों को प्राथमिकता देना जरूरी है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी और आम जनता की आवाज बनेगी.

## गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस मनाया गया

**शहर वाचनालय में कार्यक्रम, स्वतंत्रता सेनानी के जीवन पर प्रकाश डाला गया**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया.**

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी वी. सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 को हुआ था. उन्होंने अपनी शिक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में प्राप्त की और वे उर्दू तथा फारसी भाषा के ज्ञाता थे. वे एक निडर पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे.उन्होंने वर्ष 1913 में हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र प्रताप की स्थापना की और किसान एवं श्रमिक वर्ग की आवाज बने. उन्होंने होमरूल आंदोलन, असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन जैसे आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई. साथ ही उन्होंने विदिशा में भी शिक्षा ग्रहण की थी.बताया गया कि वर्ष 1931 में कानपुर में हुए दंगों को शांत कराने के प्रयास के दौरान वे शहीद हो गए. कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया और बताया कि उनकी स्मृति में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज का नाम रखा गया है.इस अवसर पर नंदकिशोर सोनी, लाखू यादव, बबलू राय, प्रदीप अरोड़ा, कैलाश नेमा, उत्तम सोनी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित रहे.

## श्री महाराणा प्रताप राजपूत जागृति समिति द्वारा तृतीय स्मारिका का होगा विमोचन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्री महाराणा प्रताप राजपूत जागृति समिति द्वारा 29 मार्च रविवार को स्थानीय रविन्द्रनाथ टैगोर ऑडीटोरियम में तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा . इस अवसर पर समिति की तृतीय संस्करण स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा .आयोजन का उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर उनके परिचय के साथ-साथ क्षत्रिय समाज की एकता को मजबूत करना है . कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा .आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में जिले एवं प्रदेशभर से राजपूत समाज के सरदारों एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है . बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है .सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय के साथ ही कम उम्र में विधवा एवं तलाकशुदा बेटियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनके पुनर्विवाह हेतु सहयोग प्रदान किया जाएगा .कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा, जबकि दोपहर 2 बजे सामूहिक स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा .

## विधायक निधि से बने यात्री प्रतीक्षालय जर्जर, यात्रियों को नहीं मिल रहा सहारा




नवभारत न्यूज

**सांची. नगर में यात्रियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं. लाखों रुपये की लागत से बनाए गए ये प्रतीक्षालय शुरुआती दिनों में आकर्षक और उपयोगी नजर आए, लेकिन समय बीतते ही इनकी गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है.**

जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा जनसुविधाओं के विकास के लिए विधायक एवं सांसदों को निधि प्रदान की जाती है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. इसी उद्देश्य से नगर के व्यस्ततम स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते ये अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं.हालत यह है कि कई स्थानों पर बैठने की व्यवस्थाएं टूट-फूट गई हैं, जिससे यात्रियों को भीषण गर्मी में खड़े रहकर अपने गंतव्य के लिए वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है. सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को झेलनी पड़ रही है.स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रतीक्षालयों की स्थिति से प्रशासन अनभिज्ञ नहीं है, बावजूद इसके अब तक मरम्मत या सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. ऐसे में विधायक निधि से बने इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है.नगर में इन बदहाल प्रतीक्षालयों को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग जिम्मेदारों से जवाब की अपेक्षा कर रहे हैं. जनसुविधा के नाम पर बने ये प्रतीक्षालय अब खुद ही सवाल बन गए हैं—जवाब देना जिम्मेदारों के लिए जरूरी हो गया है.

**मांग** | **विधायक की पोस्ट पर ग्रामीण ने लगाई प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता की शिकायत**

## सोशल मीडिया कमेंट से उठा मामला, जांच की मांग तेज

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर. क्षेत्रीय विधायक की सोशल मीडिया पोस्ट पर एक ग्रामीण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता का आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है. विधायक द्वारा समाज में सकारात्मक संदेश देते हुए की गई पोस्ट पर आमतौर पर लोगों की सामान्य प्रतिक्रियाएं आती रहती हैं, लेकिन इस बार एक टिप्पणी ने प्रशासनिक ध्यान आकर्षित किया है.**




विधायक ने अपनी पोस्ट में लिखा था कि हमारे प्रिय देश भारतवर्ष में भारत की सेना के अलावा समाज में किसी अन्य सेना की कतई आवश्यकता नहीं है. इस पर कई लोगों ने जय श्री राम और भारत माता की जय जैसे संदेश लिखकर प्रतिक्रिया दी. इसी बीच एक व्यक्ति ने ग्राम आनंदपुर से संबंधित शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरपंच पुत्र एवं सहायक सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है.शिकायतकर्ता ने अपने कमेंट में लिखा कि जो हितग्राही राशि देने में असमर्थ हैं, उनके खिलाफ झूठे आवेदन और सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है. उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा बन रही हैं और जिम्मेदार व्यक्तियों पर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए.यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है. ग्रामीणों के बीच भी इस संबंध में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और कई लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं. अब देखना यह होगा कि विधायक उमाकांत शर्मा इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त करते हैं तथा प्रशासनिक स्तर पर जांच की पहल करते हैं. साथ ही, संबंधित अधिकारी भी आरोपों की सत्यता की पुष्टि करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हैं या नहीं, इस पर लोगों की नजर बनी हुई है. यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, वहीं यदि शिकायत निराधार पाई जाती है तो स्थिति स्पष्ट होने से भी ग्रामीणों में फैली शंकाओं का समाधान होगा.

